## सार-समाचार

### छात्रों ने वैज्ञानिक एवं धार्मिक स्थलों का किया भ्रमण



**सिलवानी, देशबन्धु।** मां शारदा हायर सेकेण्डरी स्कूल सिलवानी के छात्रों–छात्राओं ने शौर्य स्मारक, आंचलिक विज्ञान भोपाल, मानव संग्रहालय, साईस सेन्टर, भोजपुर मंदिर का भ्रमण किया। शौर्य स्मारक पहुंचकर छात्रों को हमारे देश के वीर जवान देश की रक्षा कैसे करते है इस संबंध में जानने का मौका मिला। मानव संग्रहालय दिखाया जिससे हमारी सभ्यता का पता लगा हमारे पूर्वजों ने किस प्रकार जीवन बिताया एवं भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति को देखा, इसके बाद आंचलिक विज्ञान केन्द्र का भ्रमण किया। जिससे विज्ञान के बारे में ज्ञान प्राप्त किया एवं विज्ञान की वारीकियों की नजदीक से यंत्रों के माध्यम से देखा। भोजपुर मंदिर के भोलेशंकर प्राचीनतम मंदिर के दर्शन कराए। स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन के भ्रमण शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ। एवं छात्रों ने विभिन्न प्रकार के विषयों का ज्ञान प्राप्त किया।

### भोलेनाथ स्वरूप को सौंपी रामपुर मंदिर की गादी



**रायसेन, देशबन्धु।** नगर के प्राचीन रामपुर मंदिर समिति द्वारा भोलेनाथ स्वरूप ब्रह्मचारी महाराज अग्नि अखाड़ा को सर्व सम्मति से गादी पर मंहताई सौंपी गई। समिति द्वारा महाराज को चादर भेंट की गई। इस अवसर पर नगर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में सदस्य सुरेश नारायण शर्मा, अध्यक्ष संरक्षक बद्री प्रसाद दुबे, सचिव कैलाश नारायण राय, उपाध्यक्ष टीआर चंदेल, कोषाध्यक्ष राजन प्रसाद शर्मा, सह सचिन भारत सिंह राय, पंडित बद्री प्रसाद पाराशर आदि मौजूद थे।

### पुलिस ने मोटरसाईकिल के साथ चोरों को किया गिरफ्तार



**आष्टा, देशबन्धु।** पुलिस ने एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। जिसमें 5 प्रकरणों में 3 चोर सहित चोरी की 4 मोटर सायकल व सामग्री बरामद की है। विगत दिनों शहर में मोटर सायकल चोरी व नकबजनी की घटनाएं हुई थी। इन घटनाओं पर नियंत्रण के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा रात में गस्त एवं मोबाइल पार्टी बढाने एवं सघन वाहन चेकिंग के निर्देश दिए थे। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी रविन्द्र यादव के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए पुलिस को मोटर सायकल चोर व नकबजनों को पकडने में सफलता मिली है । पुलिस द्वारा चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण एवं आरोपियों को पकड़ने के लिए थाना स्तर पर टीम बनाई गई है। व रात में सघन वाहन चेकिंग की जा रही है। इस टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दोरान 2 मोटर साईकिल चालकों पर संदेह हुआ। जिनसें बारिकी से पूछताछ में उन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ सीहोर से आना और आष्टा से मोटरसाईकल

## रिसोर्ट में कर्मचारी का शव गद्दों के नीचे दबा मिला

▸ साथी कर्मचारियों का दावा–भूल से दबा युवक, पुलिस जांच में जुटी



**सांची, देशबन्धु।** नगर से लगभग ढाई किमी दूर स्थित विदिशा रोड पर नोनाखेड़ी गांव के निकट प्रसिद्ध यूटोपिया रिसोर्ट में एक 19 वर्षीय कर्मचारी की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। दूसरे कर्मचारियों का कहना है कि सोते समय भूल से उसके ऊपर गद्दे रखे गए जिससे उसकी जान चली गई। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब कर्मचारी दिनभर गायब रहा तो किसी ने उसको तलाशने की कोशिश क्यों नहीं की। रिसोर्ट में युवक की मौत से तरह–तरह के सवाल उठ रहे हैं। सांची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

जानकारी के मुताबिक भोपाल के नीलबड़ में फेस वन का निवासी वीरेंद्र पिता रोहित यादव उम्र 19 वर्ष सांची–विदिशा रोड स्थित यूटोपिया रिसोर्ट में कर्मचारी था। 1 दिसंबर की रात उसका शव होटल के भीतर पाया गया। घटना की सूचना साथी कर्मचारी ने ही पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को उठाकर अस्पताल पहुंचाया। साथी कर्मचारियों ने बताया कि वीरेंद्र 30 नवंबर की रात बाकी कर्मचारियों के साथ यूटोपिया रिसोर्ट आउटडोर किचन में रोज की तरह सोया था। सुबह बाकी कर्मचारी उठकर अपने–अपने काम में जुट गए। वीरेंद्र वहीं चादर ओड़कर सोता रहा। बाकी कर्मचारियों ने अपने–अपने बिस्तर उठाकर वहीं डालना शुरू कर दिए। इन्हीं गद्दों के नीचे वह दबा रहा। जब 24 घंटे बीतने के बाद कर्मचारी फिर से किचिन में सोने गए और अपने–अपने कपड़े बाहर निकाले तब नीचे वीरेंद्र को दबा हुआ देखा। उसके शरीर में कोई हलचल नहीं हो रही थी। कर्मचारियों ने इसकी सूचना होटल मैनेजर को दी। बाद में नीलबड़ निवासी शिवांशु त्रिपाठी ने पुलिस को घटना की सूचना दी। महाबोधि महोत्सव की वजह से पुलिस सुरक्षा में तैनात थी लेकिन घटनाक्रम पर मौके पर टीम पहुंची। इसके बाद पंचनामा कार्रवाई और पोस्टमार्टम हुआ। मृतक के परिजन भी सूचना पर सांची पहुंच गए थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू की है।

**दिनभर नहीं दिखा फिर भी लापरवाही बरती:** मृतक कर्मचारी परिवार के गुजारे के लिए रिसोर्ट में काम करता था। वह रहता भी होटल में ही था। ऐसे में घटना वाले दिन वह दिनभर किसी को नजर नहीं आया। उसके अनुपस्थित होने पर मैनेजमेंट ने ध्यान नहीं दिया। जब वह रात में वही सोया था तो अचानक गायब होने पर उसकी खोचबीन करनी चाहिए थी। लेकिन इसमें लापरवाही बरती गई। अगर कर्मचारियों की बात को सही मानें तो अगर समय रहते उसकी तलाश की जाती तो शायद उसकी जान बच सकती थी। हालांकि अब यह पुलिस जांच का हिस्सा है कि आखिर वीरेंद्र की मौत कैसे हुई। साथी कर्मचारियों का दावा है कि मृतक के मोबाइल पर कई बार फोन किया लेकिन घंटी जाने के बाद भी मोबाइल रिसीब नहीं हुआ था। इस पूरे मामले पर होटल मैनेजमेंट ने चुप्पी साध रखी है। फोन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन कॉल रिसीब नहीं किया गया।

**नहीं होती होटलों की जांच:** नगर सहित क्षेत्र में बड़ी बड़ी होटलों के खुलने से उनमें अपनी बेरोजगारी मिटाने लोग इनमें नौकरी करने पहुंचते हैं। इन होटलों में कार्य करने वाले कर्मचारियों की जान जोखिम में पड़ रही है लेकिन जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से बेखबर बने हुए है। इसी तरह की लापरवाही का नतीजा यह घटना है। इन होटलों और रिसोर्टों में कर्मचारियों की सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया जाता। इस क्षेत्र में बड़े स्तर पर होटलों के कारोबार चल रहे हैं। इनमें गरीब पेट भरने के स्थान पर अपनी जान गंवा रहे हैं। असरदार और पहुंच वालों की होटलें होने से न तो श्रम विभाग निरीक्षण करने पहुंच पाता है और न ही प्रशासन हाथ डालने की ही हिम्मत जुटा पाता है। जिससे काम करने वाले कर्मचारियों का शोषण होता है और उनकी सुरक्षा दांव पर रहती है।

**जांच के बाद स्पष्ट होगी स्थिति:** यूटोपिया रिसोर्ट से शिवांशु त्रिपाठी नामक कर्मचारी द्वारा सूचना दी गई थी कि यहां वीरेंद्र यादव नामक युवक की गद्दों के नीचे दबने से मौत हो गई है। शव को अपने कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया हमने मृतक के परिजनों को सूचना दी। मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मामले में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। लापरवाही समेत सभी एंगिल पर जांच की जा रही है।

**नितिन अहिरवार,**
**थाना प्रभारी सांची**

मंडी में आवक पर पड़ेगा मामूली असर

## धान खरीदी के लिए बनाए 25 केंद्र, 6 पर बुक हुए स्लॉट



**रायसेन, देशबन्धु।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए जिले में 25 केंद्र बनाए गए हैं। जिन पर पंजीकृत किसानों की देशी धान की खरीदी की जाएगी। केंद्रों पर धान बेचने के लिए 9 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया है, हालांकि बीते सालों के अनुभव के अनुसार 50 फीसदी किसान ही समर्थन मूल्य पर धान बेचते हैं, उसी के अनुसार तैयारियां की जा रही हैं। किसानों ने स्लॉट की बुकिंग भी शुरू कर दी है। छह केंद्रों पर लगभग 50 किसानों ने स्लॉट बुक कर दिए हैं। धान की खरीदी सोमवार से शुरू होना थी, लेकिन जिले में अभी केंद्र शुरू नहीं हुए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी ने केंद्र प्रभारियों को खरीदी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं। खरीदी केंद्रों पर तौल कांटा सहित अन्य सुविधा केंद्र संस्था को करना होगी। सूचना पटल पर खरीदी का बैनर, एफएक्यू सैंपल, मापदंड, भुगतान की स्थिति तथा टोल फ्री नंबर लिखकर प्रदर्शित करना होगा। असामयिक बारिश से बचाव के लिए तिरपाल, अग्शिमन यंत्र, उपज की साफ सफाई के लिए कस्टम हायरिंग उपकरण के अलावा अन्य व्यवस्था जुटाना पड़ेगी।

**मंडियों में हो रही जमकर आवक:** जिले में बासमती धान की खेती ज्यादा की जाती है। जिसकी आवक मंडियों में जमकर हो रही है। अभी तक किसान देशी धान की मंडी में बेच रहे थे, अब सरकारी खरीदी शुरू होने से किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए विकल्प मिलेगा। मंडी में कम दाम मिले तो समर्थन मूल्य पर उपज बेच सकेंगे। इससे मंडी में धान की आवक पर मामूली असर पड़ेगा। हालांकि व्यापारियों की रुचि बासमती धान में ज्यादा रहती है।

### इनका कहना है

जिले में धान खरीदी के लिए 25 केंद्र बनाए हैं। जिन पर किसानों की सुविधाओं के साथ हर जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए हैं। किसानों ने स्लॉट बुकिंग शुरू कर दी है। केंद्र प्रभारियों को नियमानुसार खरीदी करने के लिए कहा गया है।

**संदीप भार्गव,**
**सहायक जिला आपूर्ति अधिकारी**

## बांग्लादेश के खिलाफ सकल हिंदू समाज ने निकाली रैली



**रायसेन, देशबन्धु।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे घोर अत्याचार के खिलाफ सकल हिंदू समाज के तत्वाधान में मंगलवार को हजारों की संख्या में लोग रामलीला मैदान में एकत्रित हुए। प्रदर्शन की शुरुआत हनुमान चालीसा पाठ के साथ सामूहिक रूप से की गई। इसके पश्चात धर्म सभा का आयोजन किया गया। वही बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों और हिंदू संतों से लेकर धार्मिक स्थलों पर हो रहे हमले और हिंदुओं पर अत्याचार, हत्याओं जैसी घटनाओं के खिलाफ सकल हिंदू समाज ने शहर में रैली निकालते हुए बांग्लादेश के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रैली रामलीला मैदान से सागर मार्ग भोपाल सागर चौराहा रामलीला गेट के सामने से होते हुए महामाया माया चौक, महात्मा गांधी प्रतिमा, सांची मार्ग, माता मंदिर चौराहा, होते हुए रामलीला मार्ग से वापस श्री रामलीला मैदान में रैली का समापन किया गया। रामलीला मैदान में धर्म सभा को विदिशा से आए बृज किशोर भार्गव ने संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हमारे हिंदू अल्पसंख्यक समाज के साथ घोर अत्याचार अनाचार हो रहा है जिसे हम कतई सहन नहीं करेंगे। हिंदू परिवारों के साथ बुरी दुर्दशा की जा रही है इसके खिलाफ हम संघर्ष की लड़ाई जारी रखेंगे। रैली के पश्चात धर्मसभा हुई एवं सामूहिक वंदे मातरम गान की प्रस्तुति की गई । इस अवसर पर देश के महामहिम राष्ट्रपति के नाम सकल हिंदू समाज की ओर से जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में हिंदू समाज के प्रबुद्ध नागरिक समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, युवा, व्यापारी, महिलाएं, बच्चे आदि हजारों की संख्या में शामिल रहे।

## सांची विश्वविद्यालय में मनाई डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती




**रायसेन/सांची, देशबन्धु।** सांची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर कार्यक्रम हुआ। सांची विवि के कुलगुरु प्रो. वैद्यनाथ लाभ की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सम्राट अशोक अभियांत्रिकीय संस्थान, विदिशा के निदेशक प्रोफेसर योगेन्द्र कुमार जैन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। प्रोफेसर योगेन्द्र कुमार जैन न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के आदर्शों और उनके योगदान को रेखांकित किया। कुलगुरु प्रो. वैद्यनाथ लाभ ने कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की सादगी और सेवा भावना आज भी हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कुलसचिव एवं अधिष्ठाता प्रो नवीन कुमार मेहता ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि बतौर राष्ट्रपति रहते हुए डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने अपने नौकर से भी माफी मांग ली थी जो कि उनकी महानता का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने मिलकर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयन्ती को यादगार बनाने का संकल्प लिया।

## हम होंगे कामयाब पखवाड़ा: आंगनबाड़ी और स्कूल में हुए संवाद कार्यक्रम



**सिलवानी, देशबन्धु।** मंगलवार को परियोजना सिलवानी के सेक्टर बम्होरी में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अंतर्गत समुदाय में लैंगिक समानता, गुड टच–बेड टच, व महिलाओं और बालिकाओं का सम्मान एवं सुरक्षा आदि हेतु धामनपानी आंगनबाड़ी और स्कूल में बच्चों और उनके पालकों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य हो कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश में 25 नवंबर से हम होंगे कामयाब पखवाड़ा की शुरुआत की गई है। 25 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 तक चलेगा। जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में सेक्टर पर्यवेक्षक मानकुंअर प्रजापति, शिक्षक सुभाष सक्सेना, सचिव अंकित आचार्य सहित स्कूली बच्चे व महिलाएं मौजूद रहीं।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन




**भेरूंदा, देशबन्धु।** भेरुंदा में आज जन आक्रोश के तहत प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि आज बांग्लादेश में अल्पसंख्यक वर्ग पर अत्याचार हो रहे हैं। सनातन सभा को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि धर्म की जय का संघनाद प्रारम्भ हो गया है अधर्म की पराजय होंगी। निश्चित रूप से हम विजय प्राप्त करेंगे अगर हम संगठित रहेंगे तो बांग्लादेश जैसी स्थिति कभी भी निर्मित नही होंगी। उन्होंने कहा कि कलयुग मे संगठन में ही शक्ति है हम उत्सव धर्मी हिन्दू न बने।

सेवा भारती के प्रान्त संघठन मंत्री सुरेन्द्र सोलंकी ने कहा विगत 5 सितंबर को बांग्लादेश में शेख हसीना का तख्ता पलट के बाद हिन्दुओं पर सुनियोजित तरीके से हमले हो रहे है। इसी के विरोध में स्वामी चिन्मयानंद द्वारा हिन्दुओं को एकत्रित कर विरोध प्रदर्शन किया। लेकिन उनको देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों पर लगातार हमले हो रहे है जबकि जय भीम का नारे लगाने वाले लोग मौन साधे हुए है। कार्यक्रम के अंत में एक विशाल रैली नगर विभिन्न मार्ग से उद्घघोष तख्ती लेकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।

### सकल समाज का प्रदर्शन आज

**आष्टा, देशबन्धु।** बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले के विरोध में बुधवार को सुबह से दोपहर 1 तक पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इसको लेकर पूरे देश में सकल हिंदू समाज और हिंदू संगठनों द्वारा पूर्ण रूप से बंद का आह्वान किया है। जानकारी देते हुए हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट ने बताया कि पूरे देश में इस समय हिंदू समाज बांग्लादेश में हो रहे हिंदू भाइयों पर अत्याचार को लेकर आक्रोश की स्थिति में है। सर्व हिंदू समाज के द्वारा जनआक्रोश रैली निकाल कर अनुविभागीअधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसी को लेकर सकल समाज के अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव संयोजक सुरेश सुराना हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट ने सूचना पत्र एसडीएम के नाम दिया।

## गोवंश से भरा ट्रक पकड़ा, मालिक और चालक गिरफ्तार

▸ आरोपी गोवंश को मेलों मे बेचने और कटने के लिए ले जाते थे



**भेरून्दा, देशबन्धु।** पुलिस ने एक गोवंश से भरे एक ट्रक को पकड़कर आरोपी चालक और मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपीगण द्वारा गोवंश को क्रूरता पूर्वक आयशर वाहन मे भरकर लाभ अर्जित करने के लिए मवेशी मेलों मे बेचने एवं कटने के लिये ले जाया जाता था। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना के बाद एक आयशर वाहन एमपी 09 जीई 1474 सीहोर नाका भैरूंदा के पास पकड़कर चैक करने पर उसमें क्रूरतापूर्वक 14 गाय के बछड़े मिले। जिनके पैर व मुंह पर रस्सी बंधी थी। थे। जिनमे एक केडा मृत अवस्था में मिला था जिसका पोस्टमार्टम कराया गया। जिसके बाद थाना भैरूंदा में अपराध दर्ज कर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 4,6,9 गोवंश प्रतिषेध अधिनियम का पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया।

मौके की कार्यवाही एवं जप्ती के बाद थाना प्रभारी भैरुंदा घनश्याम सिंह दांगी द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई थीं, टीम द्वारा 03 दिसम्बर को आरोपी वाहन मालिक बालकृष्ण चौहान पिता रामजीलाल चौहान निवासी हर्नियाखेड़ी इंदौर व वाहन चालक बबलू बरूड पिता नानूराम निवासी हर्नियाखेड़ी इंदौर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। जहां से उपजेल भैरूंदा भेज दिया गया।

## प्रांतीय शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**सीहोर, देशबन्धु।** प्रांतीय शिक्षक संघ ने प्रांतीय आह्वान पर प्रांतीय शिक्षक संघ जिला सीहोर ने संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत को मुख्यमंत्री के नाम से नवीन शैक्षणिक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करने के साथ पुरानी पारिवारिक पेंशन के लिए ज्ञापन दिया। प्रदेश के लगभग 3 लाख नवीन शैक्षणिक संवर्ग को प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देते हुए क्रमोन्नति एवं समयमान वेतनमान प्रदान करने के आदेश जारी किए गए हैं। उक्त की भांति सेवा निवृति पर सेवा निवृत शिक्षकों व दिवंगत शिक्षकों के आश्रित परिवार को सेवा उपादान ग्रेच्युटी भुगतान एवं अन्य में प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना कर वरिष्ठता के साथ पुरानी पारिवारिक पेंशन के लाभ के आदेश जारी करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर को क्रमोन्नति 3 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके नवीन शिक्षकों को शत प्रतिशत वेतन तथा भेरूंदा, बुदनी में सातवें वेतनमान की किश्त का भुगतान सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा गया । ज्ञापन देने वालों में कार्यकारी महासचिव सतीश त्यागी, जिलाध्यक्ष संजय सक्सेना, प्रांतीय मिडिया प्रभारी प्रदीप नागिया, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश मेवाड़ा, हेमन्त मालवीय, राजेश तिवारी, जितेन्द्र सेन,आशीष शर्मा,माधव यादव, रमेश चंद्र मेवाड़ा,भोजराज रघुवंशी, ईश्वर सिनोरिया, विनोद प्रजापति, अर्जुन सिंह, राकेश केलोदिया, धमेंद्र मालवीय, गणपत वर्मा, चंदर सिंह वर्मा, चंदर सिंह ठाकुर, यशपाल राठौर, सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

